भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या - 2624

मंगलवार, 12 अगस्त, 2025/21 श्रावण, 1947 (शक)

वित्त मंत्रालय द्वारा एआई पर प्रतिबंध

2624. श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या ***वित्त*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत पांच वर्षों के दौरान सरकारी डेटा लीक होने की घटनाओं ने वित्त मंत्रालय को अपने अधिकारियों द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए बाध्य किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या मंत्रालय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विदेश में विकसित एआई उपकरणों का उपयोग करने की बजाय स्वदेशी एआई उपकरणों का उपयोग करने की योजना बना रहा है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) डेटा उल्लंघन की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(ख) उपर्युक्त (क) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

(ग) भारत की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्य नीति का उद्देश्य भारत को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित करना है। सरकार ने मार्च, 2024 में इंडिया एआई मिशन आरंभ किया है। यह भारत के विकास लक्ष्यों के समरूप एक सुदृढ़ तथा समावेशी एआई परितंत्र स्थापित किए जाने की कार्यनीतिक पहल है।

*****